दिन–शुक्रवार दिनांक– 15 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार। भाजपा से बारह और जदयू से नौ मंत्री बनाये गये।

02. निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी किये जायेंगे घोषित।

03. राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा– यदि उन्हें एनडीए में उचित सम्मान नहीं मिलता है, तो उनकी पार्टी कहीं भी जाने को स्वतंत्र है।

04. और, राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब पचास प्रतिशत मिलेगा डीए।

————————————————————————————

नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का आज विस्तार किया गया। इस विस्तार में कुल इक्कीस मंत्री बनाये गये हैं। इनमें से भाजपा के बारह और जदयू के नौ मंत्री शामिल हैं। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा की ओर से रेणु देवी, मंगल पांडेय, नीरज कुमार बबलू, नितिन नवीन, नीतीश मिश्र, दिलीप जायसवाल, संतोष सिंह, जनक राम, केदार प्रसाद गुप्ता, हरी सहनी, कृष्णनंदन पासवान और सुरेन्द्र मेहता मंत्री बनाये गये हैं। वहीं, जदयू की ओर से मदन सहनी, जयंत राज, लेसी सिंह, रत्नेश सदा, अशोक चौधरी, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, शीला मंडल और जमा खां को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। राज्यमंत्रिमंडल में अब उनतीस मंत्री हो गये हैं। इसमें भाजपा के पन्द्रह मंत्री हैं, जबकि जदयू के बारह, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के एक और एक निर्दलीय हैं। भाजपा ने इस बार छह नये चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया है।

————————————————————————————

निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल दोपहर बाद चुनाव तिथियों का एलान किया जायेगा। इस दौरान लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित होंगे। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे। पिछले

लोक सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने देश की 543 संसदीय सीटों में से 303 सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटें जीतने का है। अब तक भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 267 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 82 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं। वाम दल, तृणमूल कॉंग्रेस, आम आदमी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। दिवाकर की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सकलेन अख्तर।

———————————————————————————

नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों – ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज कार्यभार संभाल लिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ऐसे समय में इनका आयोग में शामिल होना महत्वपूर्ण है जब निर्वाचन आयोग, इसी वर्ष विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव संचालन के लिये तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने श्री कुमार और श्री संधू को कल चुनाव आयुक्त नियुक्त किया था।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड मामले में भारतीय स्टेट बैंक को नोटिस जारी किया है। न्यायालय ने कहा है कि ग्यारह मार्च के फैसले में बैंक को बॉन्ड खरीदने की तिथि, खरीदने वाले का नाम और श्रेणी जैसी सभी जानकारी निर्वाचन आयोग को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। लेकिन बैंक ने अल्फा न्यूमेरिक नम्बर का खुलासा नहीं किया है। न्यायालय ने बैंक को इस मामले पर अठारह मार्च तक अपना जवाब दायर करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

बोध गया में आज से देशभर के राज्य निर्वाचन पदाधिकारियों की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की शुरूआत हुई। महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने किया। कॉन्फ्रेंस में सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्त, प्रमंडलीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरीय अधिकारी शामिल हुये। इस अवसर पर बिहार में पंचायत निर्वाचन चुनाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि यदि उन्हें एनडीए में उचित सम्मान नहीं मिलता है, तो उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर स्वतंत्र है। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने

कहा कि उनके दरवाजे खुले हैं और वे कहीं भी जाने के लिए तैयार रहेंगे। श्री पारस ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी होने का इंतजार करेगी।

---बाईट---

श्री पारस ने कहा कि वे हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से ही चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रिंस राज का समस्तीपुर से और नवादा से चंदन सिंह का भी चुनाव लड़ना तय है।

---

राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्यमंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस बढ़ोतरी के साथ ही राज्यकर्मियों का डीए छियालीस प्रतिशत से बढ़कर पचास प्रतिशत हो गया है। वहीं, अन्य फैसले में कैबिनेट ने राजगीर में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण और भागलपुर हवाई अड्डे के पुनर्विकास के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके अलावा कैबिनेट ने राज्य के प्रमुख शहरों के आस–पास के इलाकों में टाउनशिप विकसित करने का भी फैसला किया है। मंत्रिमंडल ने पटना स्थित मोईनुलहक स्टेडियम को बीसीसीआई को लीज पर देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। कैबिनेट ने कुल एक सौ आठ प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

---

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा से पहले बिहार पुलिस ने झारखंड के हजारीबाग और बरही से सॉल्वर गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह के जरिये तीन सौ से अधिक अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल कराने की तैयारी थी। पुलिस सभी अभ्यर्थियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही इस बात की भी जांच चल रही है कि अभ्यर्थियों के पास से जो प्रश्न पत्र बरामद हुये हैं, क्या वही प्रश्न परीक्षा में भी आये थे ?

---

पर्यटन मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रदेश के पर्यटन स्थलों की ब्रांडिंग करने की विशेष कार्य योजना तैयार की गयी है ताकि देशी और घरेलू पर्यटकों की संख्या को आठ करोड़ से भी अधिक किया जा सके। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में डॉक्टर कुमार ने कहा कि बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम इसके लिए काम कर रहा है।

---बाइट---

डॉक्टर कुमार ने कहा कि उनका विभाग बड़े पर्यटन क्षेत्रों के साथ साथ छोटे पर्यटन स्थलों को भी इंटीग्रेटेड दृष्टिकोण से विकसित करने का काम कर रहा है। इसके लिए स्थानीय विधायकों से बातचीत कर प्रारंभिक तौर पर बयालीस स्थलों की पहचान की गयी है।

---बाइट---

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड को निःशुल्क अपडेट करने की समय सीमा चौदह जून तक बढ़ा दी है। पहले यह तिथि चौदह मार्च तक निर्धारित थी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने के लिए छह मार्च को हुई सक्षमता परीक्षा का उत्तर पत्रक जारी कर दिया है। अभ्यर्थी बीएसईबी सक्षमता डॉट कॉम पर जाकर सत्रह मार्च तक उत्तरों पर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आपत्ति दर्ज करने के लिए पचास रूपये प्रति प्रश्न शुल्क निर्धारित किया गया है।

---

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने दारोगा पद पर नियुक्ति के लिए आयोजित मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। औसत अधिकतम तापमान बत्तीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है, जिस कारण लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि कि अगले चार दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है।

---बाईट---

---

समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत जितवारपुर चौथ गांव में अपराधियों ने घर के बाहर सो रहे एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

अररिया की पॉक्सो अदालत ने दुष्कर्म के एक मामले में दोषी मोहम्मद फिरोज को बीस साल कठोर कारावास और पचास हजार रूपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

---

मधुबनी जिले के औंसी थाना क्षेत्र अन्तर्गत मल्लाह टोली से पुलिस ने एक हजार छह सौ पचास बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, शिवहर जिले के पुरनहिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक तस्कर को भारी मात्रा शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............ एक बार फिर

01. नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का हुआ विस्तार। भाजपा से बारह और जदयू से नौ मंत्री बनाये गये।

02. निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी किये जायेंगे घोषित।

03. राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा– यदि उन्हें एनडीए में उचित सम्मान नहीं मिलता है, तो उनकी पार्टी कहीं भी जाने को स्वतंत्र है।

04. और, राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अब पचास प्रतिशत मिलेगा डीए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।